आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 04.11.2025** **समय : 02.10pm**

## मतदाता सूची

प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत आज से बूथ लेवल अधिकारी घर–घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस दौरान बीएलओ प्रत्येक परिवार की आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव झा ने बताया कि घर–घर सत्यापन की प्रक्रिया 4 दिसंबर तक चलेगी। इसके बाद 9 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। लोग 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

## अवैध कॉलोनी

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि नगरीय क्षेत्र में अवैध कॉलोनी का निर्माण होने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिये जिम्मेदारी तय होगी। कल इंदौर में आयोजित बैठक में उन्होंने अवैध कॉलोनी के निर्माण पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिये व्यापक स्तर पर अभियान चलाये जाने के भी निर्देश दिये हैं। बैठक में अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, फ्यूल एफीशिएंशी, इंदौर स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत योजना की समीक्षा की गयी।

## ओंकारेश्वर अभयारण्य

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने "ओंकारेश्वर अभयारण्य" की घोषणा कर खण्डवा जिले को एक बड़ी सौगात दी है। ओंकारेश्वर अभयारण्य से खण्डवा जिले के विकास को गति मिलेगी। यह प्रदेश का 27वां अभयारण्य होगा। जिला वन अधिकारी ने बताया कि ओंकारेश्वर अभयारण्य की स्थापना से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा बल्कि आसपास के 20 गांवों में पर्यटन आधारित रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## जी.एस.टी. सुधार – स्वास्थ्य क्षेत्र

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को शुरू किए गए जी.एस.टी. उत्सव के अंतर्गत लागू की गई संशोधित दरों से देशभर के कई क्षेत्रों में लोगों को लाभ हो रहा है। आज हम बात करते हैं कि कैसे कम दरें स्वास्थ्य क्षेत्र में नागरिकों की मदद कर रही हैं। पेश हैं एक रिपोर्ट...

## मौसम

प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। पश्चिमी हिस्से में सक्रिय साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से भोपाल और जबलपुर संभाग में अगले दो दिनों तक कहीं–कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दिन में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार बना रहेगा, लेकिन रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी। वहीं, 6 नवंबर से ठंडी उत्तरी हवाएं चलने लगेंगी, जिससे रातें ठंडी हो जाएंगी।

## समाचार संक्षेप में –

- जबलपुर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- नर्मदापुरम में कलेक्टर ने राजस्व विभाग से संबंधित अभियानों, मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण और अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की।
- आगरमालवा जिले में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा कल वाहनों की चेकिंग के दौरान चालानी कार्यवाही की गई।

..............................